## खबर संक्षेप

### वन विभाग की टीम ने नाग पंचमी पर 6 सपेरों से 12 सर्पों को कराया मुक्त

सतना। वन मंडल अधिकारी मयंक चांदीवाल के निर्देश पर आज नाग पंचमी के अवसर पर 6 सपेरों से 12 सर्पों को बरामद कर चिकित्सीय जांच के बाद भार्गव सरभंगा सहित विभिन्न स्थलों पर मुक्त किया गया।उड़नदस्ता प्रभारी नरेंद्र पयासी के नेतृत्व में दिलीप निगम,मुकेश पांडे,ब्रजलाल बर्मा,अर्जुन सिंह परिहार,ब्रजेश मिश्रा व वाहन चालक संजय प्रजापति की टीम ने कार्यवाही करते हुए सपेरों को समझाइश भी दी।

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई



मैहर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल द्वारा जन सुनवाई की गई। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह एवं समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे। जन सुनवाई में दूर दराज से आये फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना जाकर उनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### मां शारदा मंदिर प्रांगण में दुकानदारों का आतंक जारी



मैहर। मैहर स्थित मां शारदा मंदिर के प्रांगण में तस्वीरें एवं अन्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। अभी सीढ़ियों पर व्यापार करने वालों पर बंदिश लगाई गई मगर सीढ़ी पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों का गुट दर्शनार्थियों को परेशान कर रहा है। देखा जा रहा है कि जैसे ही मां के दर्शन कर श्रद्धालुगण सीढ़ी से नीचे आते है वैसे ही फोटो, माला यहां तक गन्ने का रस और चना बेचने वाले घेर लेते है और सामग्री खरीदने का दबाव डालते है जिससे चलते थका हारा दर्शनार्थी इन लोगों से बचने के लिए इधर उधर भागता है जिससे उनके परिजन एवं बच्चे तक बिछड़ जाते है। इन सामग्री बेचने वाले यहीं नहीं रुकते है खास कर महिलाओं के साथ आए दिन ये दुकानदार बदसलूकी,गाली-गलौज कर जबरन सामान बेचने की कोशिश करते नजर आते हैं। इससे न केवल दर्शनार्थियों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है, बल्कि मां शारदा मंदिर की गरिमा भी धूमिल हो रही है।

### बजरंग अखाड़ा में विशाल दंगल का आयोजन



मैहर। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आज नागपंचमी के अवसर पर विशाल कुश्ती का आयोजन बजरंग अखाडा में किया गया। यह आयोजन कुश्ती प्रेमियों एवं ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से धर्मश घई,आरके सिंह,संतोष सोनी,अरुण तनय मिश्रा,नागेन्द्र बड़गैया,पीएल द्विवेदी,बबलू रजक,रमेश चौधरी,नरेश चौधरी पार्षद, अभिषेक,केशव प्रसाद चौरसिया,प्रवीण गौतम सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी एवं निर्णायक मंडल में दिनकर पहलवान,दीपक पंडित आदि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने सुनी 28 आवेदकों की समस्याएं



मैहर। मंगलवार को मैहर के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने जिले के विभिन्न अंचलों से आए 28 आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह द्वारा भी आवेदकों की समस्याओं पर जनसुनवाई की गई।

### वन अधिकार समिति की बैठक कल

सतना। वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत 11 हितग्राहियों को जारी हक प्रमाण पत्र शून्य किए जाने हेतु जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 31 जुलाई को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## जाम में फंसी एंबुलेंस, मरीज को गोद में उठाकर पहुंचाया अस्पताल

# सरकारी अस्पताल के सामने अतिक्रमण का कहर

**यातायात पुलिस की कार्रवाई महज दिखावा, लोगों में आक्रोश**

सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के ठीक सामने की सड़क पर पसरा अतिक्रमण अब मरीजों की जान पर भारी पड़ रहा है। अतिक्रमण और बेतरतीब ट्रैफिक व्यवस्था के कारण यहां जाम लगना एक रोज़मर्रा की समस्या बन चुका है,जिसका खामियाजा अब गंभीर मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज, सतना।

ताज़ा घटना ने एक बार फिर शहर की बदहाल व्यवस्था की पोल खोल दी है,जब एक महिला मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस घंटों जाम में फंसी रही और अंततः परिजनों को मरीज को गोद में उठाकर अस्पताल पहुंचाना पड़ा। यह हृदय विदारक घटना मंगलवार दोपहर की है,जब एक गंभीर रूप से बीमार महिला मरीज को लेकर एंबुलेंस जिला अस्पताल की ओर बढ़ रही थी। अस्पताल से महज़ कुछ मीटर पहले ही एंबुलेंस भीषण जाम में





फंस गई। सड़क के दोनों ओर दुकानों का अवैध कब्जा और सैकड़ों ऑटो-रिक्शा द्वारा सड़क को ही अपना स्थायी स्टैंड बना लेने के कारण स्थिति ऐसी हो गई कि एंबुलेंस के लिए आगे बढ़ने की कोई जगह नहीं बची। घंटों तक एंबुलेंस के फंसे रहने के बाद,मरीज की बिगड़ती हालत को देखते हुए परिजनों का धैर्य जवाब दे गया। मजबूर होकर,परिवार के सदस्यों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए,बीमार महिला मरीज को गोद में उठाया और भीड़ भरे जाम से जूझते हुए पैदल ही अस्पताल के अंदर तक पहुंचाया। यह दृश्य वहां मौजूद हर व्यक्ति के लिए चौंकाने वाला था और इसने सतना की ट्रैफिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि जिला प्रशासन और नगर निगम इस समस्या पर आंखें मूंदे हुए हैं। कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं,लेकिन अतिक्रमण हटाने या ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। सड़क पर पसरे अतिक्रमण के कारण न केवल आपातकालीन सेवाओं में बाधा आ रही है, बल्कि आम नागरिकों का चलना-फिरना भी दूभर हो गया है। यह घटना सतना की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था और अतिक्रमण की गंभीर समस्या का जीता-जागता प्रमाण है। सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक मरीजों की जान इस लापरवाही की भेंट चढ़ती रहेगी? क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतज़ार कर रहा है? इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान देना और ठोस कार्रवाई करना अब बेहद ज़रूरी हो गया है,ताकि भविष्य में ऐसी जानलेवा परिस्थितियां उत्पन्न न हों।

## महिला के गाल में दांत से काटते हुए खींच ली थी फोटो

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सतना। जिले की नागौद पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपी धीरू पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नागौद के निर्देशन में हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा।**

यह मामला 28 जून 2025 को तब सामने आया,जब ग्राम मझगवां निवासी प्रीतराम दहायत ने नागौद थाने में अपनी पत्नी मंजू दहायत की आत्महत्या की सूचना दी। प्रीतराम ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 26 जून को दोपहर करीब 3 बजे उनकी पत्नी मंजू दहायत कुएं पर पानी भरने गई थीं। उसी दौरान गांव के धीरू पाण्डेय ने उनकी पत्नी के गाल पर दांत से काटते हुए उनके मोबाइल से फोटो खींच ली।आरोपी धीरू पाण्डेय ने मंजू को धमकी दी कि अगर वह उसे जहां बुलाएगा ,वहां नहीं आएगी तो वह उसकी फोटो वायरल कर देगा। इस धमकी और बदनामी के डर के कारण, 28 जून को मंजू दहायत ने खेत वाले घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मर्ग कायम कर जांच शुरू की।मर्ग जांच,पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट,शव पंचनामा और बयानों के आधार पर यह पाया गया कि आरोपी धीरू पाण्डेय ने मृतिका मंजू की आपत्तिजनक फोटो खींची थी और उसे वायरल करने की धमकी दी थी। इसी बदनामी के डर और ग्लानि के कारण मंजू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच में आरोपी धीरू पाण्डेय के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का अपराध प्रमाणित पाया गया। इसके बाद,आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 489/25 धारा 108 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना के बाद से आरोपी धीरू पाण्डेय फरार चल रहा था,जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी। नागौद पुलिस ने मुखबिरों और तकनीकी सहायता का उपयोग करते हुए आरोपी की गहनता से तलाश की। आखिरकार 28 जुलाई को आरोपी धीरू पाण्डेय,पिता राजेन्द्र पाण्डेय,उम्र 32 वर्ष,निवासी मझगवां, थाना नागौद, जिला सतना को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद, आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# स्मार्ट मीटर जनता से वसूली की साजिश





**मैहर में प्रदर्शन, पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी ने कहा,"हम पूरा देश अडानी के हाथ में नहीं जाने देंगे**

मैहर।

स्मार्ट मीटर के विरोध में मैहर में मंगलवार को प्रदर्शन किया गया। पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी के नेतृत्व में हजारों ग्रामीणों और समर्थकों ने घंटाघर चौराहे पर एकत्र होकर सरकार और बिजली कंपनियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान गुस्साए लोगों ने स्मार्ट मीटर योजना को आम जनता के साथ आर्थिक शोषण करार दिया। नारायण त्रिपाठी ने प्रदर्शन के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा,हम पूरा देश अडानी के हाथ में नहीं जाने देंगे।स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से वसूली की साजिश रची जा रही है,जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम सब मिलकर इसका विरोध करेंगे और अपने घरों में इन मीटरों को नहीं लगने देंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जनता पहले से ही महंगाई और बढ़ते बिजली बिलों से परेशान है। ऐसे में स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा और बिजली कंपनियों को इसका सीधा फायदा मिलेगा।

# शारदा प्रिज्म जॉनसन लेडीज क्लब ने मनाया हरियाली तीज उत्सव



सतना।

शारदा प्रिज्म जॉनसन लेडीज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सिंह की अध्यक्षता में "सात फेरे सात वचन" थीम के अंतर्गत हरियाली तीज का शुभ पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्लब की सदस्याए सुंदर परिधानों में सज धज कर आईं। दूल्हा दुल्हन ने सात फेरों के साथ सात वचनों का जीवन से जुड़े जिम्मेदारीयों को निभाते हुए एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सखियों द्वारा "शादी के पहले और शादी के बाद" एवं कजरी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी ने हाउजी गेम खेलने के साथ एक से बढ़कर एक छंद बोला और झूले का आनंद लिया। उपरोक्त जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एंड जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

**सूने घर में नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा**

# आरोपी ने इंस्टाग्राम आईडी के जरिए उससे दोस्ती की थी

सतना।

सिटी कोतवाली पुलिस ने एक सूने घर में घुसकर नाबालिग से जबरन शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेष सिंह बघेल, नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह चौहान एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में की गई।

### घटना का विवरण

पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने इंस्टाग्राम आईडी के जरिए उससे दोस्ती की थी। एक दिन वह सतना आया और पूछा कि उसके घर में कौन-कौन है। उसने कहा कि तुम मेरी दोस्त हो, मुझे मिलना है,और उसके घर आ गया। घर में अकेला पाकर आरोपी ने तरह-तरह का प्रलोभन देकर पीड़िता के साथ गलत काम किया और शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह मोबाइल पर अश्लील मैसेज और वीडियो भेजता था।मना करने पर जान से मारने की धमकी देता था और कहता था कि वह बिहार का रहने वाला है।पीड़िता ने अपने पिता के साथ थाने आकर बताया कि वह घर में अकेली थी, उसके माता-पिता मामा के यहां गए हुए थे। तब वह (आरोपी) उसके घर आया था और सूने घर में अकेला पाकर उसके साथ गलत काम किया था। जब उसने मना किया तो उसने कहा कि अगर किसी को बताया तो जान से खत्म कर देगा। पीड़िता के नाबालिग होने के कारण उसके बयान न्यायालय के समक्ष दर्ज कराए गए,जहां उसने अपने कथन में पूरी घटना बताई।अपराध की पुष्टि होने पर अप. धारा 65(1) बीएनएस, 67(ए) आईटी एक्ट एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान त्वरित और विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर मेडिकल उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा उसे न्यायिक रिमांड पर लेकर केंद्रीय जेल सतना में निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपी निखिल ठाकुर राजपूत,पिता जितेंद्र कुमार ठाकुर, उम्र 19 वर्ष, निवासी मुरौत,थाना किशनपुर रतवारा, जिला मधेपुरा, बिहार है।

# शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सतना। नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा वार्ड 28,29 एवं 30 में विशेष स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ हुई, जिसमें सभी अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भाग लिया। इसके अंतर्गत स्वच्छता ऐप की जानकारी दी गई,नालियों की सफ़ाई की गई,4 आर अवधारणा पर जागरूकता फैलाई गई,चार रंगों के डस्टबिन की उपयोगिता बताई गई एवं प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान चलाया गया। साथ ही पार्कों की सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य भी संपन्न किया गया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में व्यापक पौधा रोपण भी किया गया,जो वार्ड 28,29 और 30 में संपन्न हुआ।इस अवसर पर महापौर,नगर निगम अध्यक्ष,नोडल अधिकारी,संबंधित वार्डों के पार्षदगण,वार्ड दरोगा,टीम,सफाई मित्र एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 631.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

सतना। जिले में इस वर्ष 1 जून से 29 जुलाई तक 631.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 786.7 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 563.7 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 742.2 मि.मी, बिरसिंहपुर में 536.4 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 547.3 मि.मी.,नागौद में 750.3 मि.मी., जसो (नागौद) में 300 मि.मी. एवं उचेहरा में 790.5 मि.मी.औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 292 .2 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

**मैहर जिले में अब तक 677.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज-** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 29 जुलाई 2025 तक 677.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 714 मि.मी.,मैहर में 606.4 मि.मी. एवं रामनगर में 711.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी.है।

## मध्य क्षेत्रीय बैडमिंटन एवं टेबिल टेनिस चयन प्रतियोगिता

# बैडमिंटन में सुनील-पर्ली और टेबिल टेनिस में रिचा-विनय जीते

सतना।

एलआईसी की दो दिवसीय मध्य क्षेत्रीय बैडमिंटन एवं टेबिल टेनिस प्रतियोगिता को समापन दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्टस कॉम्पलेक्स सतना में सम्पन्न हुआ। एलआईसी ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए बैडमिंटन पुरूष वर्ग-शैलेष साहू बिलासपुर, सुनील चंद्राकर भोपाल, शिवेन्द्र पाण्डेय सतना,पलाश जैन इन्दोर गंजल महिला वर्ग में शौर्या यदु रायपुर,पर्ती ठाकुर शहडोल, कोनू पाल भोपाल एवं गरिमा शर्मा ग्वालियर मंडल टेबिल टेनिस पुरूष वर्ग विनय बैसवाड़े रायपुर, केशव खंडेलवाल रायपुर, हिमांशु रंगशाही इन्दौर एवं सुशांत श्रीवास्तव सतना मंडल महिला वर्ग में ऋचा पटवर्धन इन्दौर, साक्षी धनविजय रायपुर, अपूर्वा कुलश्रेष्ठ ग्वालियर एवं श्रीजी गुप्ता शहडोल मंडल चयनित हुए।मुख्य अतिथि पुरुषोत्न नागपुरे, प्रादेशिक प्रबन्धक (मानव संसाधन) मध्यक्षेत्र भोपाल ने विजयी हुए




प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया। उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि आगामी दिनों में आयोजित होने वाली एल.आई.सी. की ऑल इंडिया प्रतियोगिता में सफल हुए प्रतिभागी हिस्सा लेगें और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्य क्षेत्र का नाम गौरवांवित करेगें। साथ ही उन्होने इस बार असफल रहे खिलाड़ियों का भी उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हार जीत तो खेल के दो अहम पहलू मात्र हैं। सतना मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक प्रभात कुमार ने जीते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी एवं उपविजेता रहे खिलाड़ियों से निरन्तर अभ्यास बनाये रखते हुए अगली बार बेहतर खेल का प्रदर्शन करेगे ऐसी कामना की। मध्यक्षेत्र से पधारे पर्यवेक्षक सुशील गिरि एवं एस.पी.बी. सदस्य शशांक शेखर शर्मा ने इस दौरान सम्पन्न हुई गतिविधियों की समीक्षा रखी तथा आयोजकों की व्यवस्थाओं, निर्णायकों की भूमिका एवं खिलाड़ियों द्वारा किए गए सहयोग की प्रशंसा की। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य आनंद त्रिवेदी, राजेश द्विवेदी, धमेन्द्र सिंह बघेल, सुश्री मोनिका अवस्थी, चिराग गुप्ता अजय गुप्ता, दीपेश गुप्ता, शाश्वत सिंह, मोटत नोटवानी वी प्रवीण सिंह, धनीराम जी विशेष रूप से उपस्थि रहे। प्रतियोगिता का सफल संचालन संजय टंडन, पवन तिवारी ने किया।

## खबर संक्षेप

### एक अगस्त से प्रभावशील होगा दुकानों का 2 हजार रुपए प्रतिमाह किराया

**पन्ना।** जिला चिकित्सालय की जिला रोगी कल्याण समिति की गत दिवस संपन्न बैठक के निर्णय अनुसार समिति द्वारा निर्मित दुकानों के किराए में आगामी माह से बढ़ोत्तरी की गई है। अब एक अगस्त 2025 से प्रति दुकान मासिक किराया राशि 2 हजार रुपए निर्धारित है। सिविल सर्जन डॉ. आलोक कुमार गुप्ता द्वारा इस संबंध में जिला चिकित्सालय के स्टूवर्ड को सभी लीजधारी दुकानदारों को किराया वृद्धि के संबंध में अवगत कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

### जनसुनवाई में हुई 28 आवेदनों पर कार्यवाही



**पन्ना।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 28 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई। इसके अलावा ग्राम पंचायत, विकासखण्ड और तहसील मुख्यालयों पर भी जनसुनवाई हुई और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### सलेहा पुलिस ने जुआ फड़ पर मारा छापा, 8 गिरफ्तार

**सलेहा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बछरवारा में कुछ दिनों से जुआ पड़ संचालित हो रहा था यह जुआ पड़ झुर्रा चौधरी के घर में हो रहा था। जिसकी सलेहा पुलिस को जानकारी मिली सलेहा थाना प्रभारी बलवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने झुर्रा चौधरी के घर में छापामारा और 8 जुआरियों को जुआ में हार जीत का दांव लगाते गिरफ्तार किया जुआरियों से 4190 रू नगद 4 एंड्रॉयड 1 की पैड मोबाइल एवं एक मोटर साइकिल जप्त की सभी जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट अधिनियम के तहत कार्रवाई की जुआ खेलते पकड़े गए जुआरियों बृजकिशोर द्विवेदी उर्फ भोला पिता राम सुआवन द्विवेदी निवासी बछरवारा, कामता पाठक पिता शम्भू पाठक निवासी बछरवारा, पुसआ चौधरी पिता मुलइया चौधरी बछरवारा, जीतेन्द्र पिता हीरा लाल सोनी निवासी भमरहा, छोटे लाल वर्मा पिता वैसाखू वर्मा, नाती लाल पिता ललुआ चौधरी निवासी बछरवारा, नत्थू लाल चौधरी पिता छोटे लाल निवासी बछरवारा, झुर्रा चौधरी पिता जिठुआ चौधरी निवासी बछरवारा शामिल है।

### गौसेवा का गूंजता संदेश- देवेंद्रनगर में 31 जुलाई को ऐतिहासिक जन जागरण रैली

**देवेंद्रनगर।** स्वतंत्रता के बाद पहली बार देवेंद्रनगर में ऐसी ऐतिहासिक रैली होने जा रही है, जो किसी दल, धर्म, व्यापार या राजनीति के नाम पर नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और संवेदना के भाव पर आधारित होगी। 31 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे से' षौ माता और निराश्रित पशुधनष की रक्षा हेतु एक विशाल जन जागरण रैली का आयोजन किया गया है, जो सतना रोड से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पूरे देवेंद्रनगर को जागरूकता के भाव से भर देगी। 'नगर के प्रत्येक वर्ग कृ बच्चे, बुज़ुर्ग, महिलाएँ, युवा, शिक्षक, व्यापारी, किसान और पंच-सरपंचों से लेकर आम नागरिक तक कृ सभी से इस रैली में शामिल होने का आह्वान किया गया है। आयोजकों का स्पष्ट कहना है कि यह रैली किसी भी प्रकार की राजनीतिक या धार्मिक भावना से प्रेरित नहीं है, बल्कि यह सर्वधर्म समभाव और सर्वजन सहभागिता का प्रतीक बनकर सेवा का एक नया मानक स्थापित करेगी।

---

### ग्राम पन्ना के सर्वे नंबर 520/2 रकवा 3.541 हे. जंगल मद की बेशकीमती भूमि का है मामला

# अपर कलेक्टर न्यायालय द्वारा विवादित एवं निजी दर्ज भूमि को पुनः शासकीय भूमि घोषित किया गया

**पन्ना।** अपर कलेक्टर न्यायालय द्वारा विवादित निजी भूमि के एक प्रकरण में सुनवाई कर तथा राजस्व अभिलेख की जांच के आधार पर आज पुनः निजी दर्ज भूमि को शासकीय भूमि दर्ज करने का आदेश पारित किया गया है। इसके पहले भी 11 दिसम्बर 2020 को शासकीय भूमि दर्ज करने का आदेश पारित किया गया था, लेकिन अपीलार्थियों द्वारा कमिश्नर न्यायालय सागर में अपील की गई थी। कमिश्नर न्यायालय द्वारा सुनवाई कर पुनः अपर कलेक्टर न्यायालय पन्ना द्वारा प्रकरण में सुनवाई के निर्देश पर विस्तृत रूप से विभिन्न तथ्यों, दस्तावेजों के परीक्षण एवं राजस्व अभिलेख अनुसार 29 जुलाई 2025 को प्रश्नाधीन भूमि को शासकीय भूमि दर्ज करने का आदेश पारित करने की कार्रवाई की गई है।

यह प्रकरण अनावेदकगण झूला बाई बेवा सिंघई बाबू लाल जैन (मृतक) वारसान क्रमशः पवन जैन निवासी किशोरगंज मोहल्ला जिला पन्ना, सविता जैन निवासी मोराजी के पास लक्ष्मीपुरा जिला सागर, सुनीता जैन निवासी गीतांजली काम्प्लेक्स रेडियो चौराहा भोपाल तथा प्रफुल्ल जैन निवासी मोहल्ला किशोरगंज पन्ना हाल निवास एचएक्स 102 ए/3 ई-7 अरेरा कॉलोनी भोपाल से संबंधित है। प्रकरण की जांच में पाया गया कि ग्राम पन्ना के सर्वे नंबर 520 रकवा 228.71 एकड़ वर्ष 1955-56 की मिसिल बंदोबस्त में म.प्र. शासन जंगल मद में दर्ज है, जबकि वर्तमान रिकार्ड में सर्वे नंबर 520/1 रकवा 17.022 हे. वर्तमान रिकार्ड में म.प्र. शासन दर्ज है, लेकिन इस प्रकरण की भूमि 520/2 रकवा 3.541 हे. को विवादित भूमि पाया गया। यह वर्ष 1963-64 के खसरे में झूला बाई बेवा सिंघई बाबू लाल जैन के नाम दर्ज है लेकिन कोई प्रकरण उपलब्ध नहीं है। इस भूमि का नामांतरण वर्ष 1988-89 के खसरे में झूला बाई के पुत्र विजय कुमार पिता बाबू लाल जैन के नाम किया गया, किन्तु खसरे में दर्शित नामांतरण आदेश की प्रविष्टि उक्त वर्ष की नामांतरण पंजी में नहीं पाई गई।

**राजस्व कर्मचारियों द्वारा बगैर सक्षम आदेश एवं प्रकरण के दर्ज की गई थी प्रथम प्रविष्टि**

संयुक्त कलेक्टर पन्ना की जांच रिपोर्ट में खसरा नंबर 520 के बटांकित 520/2 से 520/19 के 18 व्यक्तियों के नाम भूमि दर्ज होने के संबंध में बिना अधिकार नाम दर्ज होने के संबंध में अवगत कराया गया। कलेक्टर न्यायालय द्वारा भी सभी अनावेदकों के विरूद्ध प्रकरण क्रमांक 82/स्वमेव निगरानी/2006-07 दर्ज कर सुनवाई की गई थी। इसके उपरांत 10 मार्च 2008 के आदेशानुसार सभी व्यक्तियों के विरूद्ध पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज करने के लिए आदेशित किया गया तथा कलेक्टर न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक 06/स्वमेव निगरानी/2011-12 दर्ज कर सुनवाई उपरांत 10 अक्टूबर 2011 को प्रकरण निराकरण के लिए अपर कलेक्टर न्यायालय को अंतरित किया गया था।

**कमिश्नर न्यायालय सागर में हुई सुनवाई-**

कलेक्टर पन्ना के आदेशानुसार अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण क्रमांक 0015/स्वमेव निगरानी/2020-21 दर्ज कर सुनवाई की गई तथा क्रमशः विवादित भूमि के संबंध में वारिसानों को सुनवाई का अवसर प्रदान कर 11 दिसम्बर 2020 को अंतिम आदेश पारित कर भूमि को मध्यप्रदेश शासन दर्ज करने का उल्लेख किया गया। अपर कलेक्टर न्यायालय के आदेश के विरूद्ध अनावेदक पवन जैन की ओर से वरिष्ठ न्यायालय कमिश्नर सागर संभाग के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई। कमिश्नर सागर द्वारा भी अपील प्रकरण में 28 मार्च 2023 को आदेश पारित कर अपर कलेक्टर न्यायालय को अपीलार्थीगण के तथ्यों पर पुनः सुनवाई का अवसर प्रदान कर गुणदोष के आधार पर आदेश पारित करने के लिए निर्देशित किया गया। अपीलार्थीगण की ओर से प्रस्तुत तथ्यों एवं आधारों के उल्लेखानुसार अपर कलेक्टर न्यायालय में पुनः विधिवत सुनवाई प्रारंभ की गई और अनावेदकों को अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया गया। पुनः विस्तृत सुनवाई उपरांत यह भी पाया गया कि संबंधितजन के नाम भूमि स्वामी के हैसियत से प्रथम प्रविष्टि दर्ज किए जाने के संबंध में किसी राजस्व अधिकारी का आदेश या प्रकरण क्रमांक, आदेश दिनांक का हवाला दर्ज नहीं है जिससे यह परिलक्षित होता है कि तत्समय संबंधित राजस्व कर्मचारियों द्वारा बगैर किसी वैधानिक आदेश के स्वेच्छा से झूला बाई के नाम भूमि स्वामी के रूप में प्रविष्टि दर्ज की गई है। विदित हो कि म.प्र. भू राजस्व संहिता 1959 के प्रभावशील होने के दरम्यान तत्समय कोड की धारा 158 के तहत उन भूधारियों को ही भू स्वामी के अधिकार मिले हैं, जिन्हें 2 अक्टूबर 1959 के पूर्व से उस क्षेत्र में प्रचलित भूमि संबंधी कानून के तहत वैधानिक रूप से भूमि प्राप्त हुई हो। केवल कब्जे के आधार पर कोई स्वत्व प्रदान नहीं किए गए हैं। इस प्रकरण में वर्ष 1959 के पश्चात 1960, 1961 एवं 1962 के किसी राजस्व अभिलेख में झूला बाई का नाम किसी हैसियत से दर्ज नहीं रहा। इसलिए प्रश्नाधीन भूमि का झूला बाई के पक्ष में बंटन किया जाना भी संभव नहीं था। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली की विविध याचिकाओं में दिए गए निर्णय अनुसार भी यह स्पष्ट किया गया है कि राजस्व वन श्रेणी की भूमि का अन्यथा उपयोग नहीं किया जा सकता है, जिसके दृष्टिगत सर्वे नंबर 520/2 रकवा 3.541 हे. जंगल मद की भूमि को अपर कलेक्टर न्यायालय के पूर्व आदेशानुसार पुनः शासकीय भूमि घोषित करने का आदेश पारित किया गया है।

---

## ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम जिला मुख्यालय में पहुंचकर अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**ट्रांसफार्मर खराब होने से 6 माह से अंधेरे में डूबा गांव अनगिनत आवेदनों के बाद भी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान**

**गांव की महिला को सांप के डसने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन शीघ्र सुधार नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी**



**पन्ना।** जिले के पवई जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पलोही के ग्राम गुडमनिया का ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण लगभग 6 माह से शाम होते ही ग्राम गुडमनिया और अनुसूचित जाति की बस्ती अंधेरे में डूब जाती है। जिससे बच्चे पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं, अंधेरा होते ही विषैले जीव जंतुओं और हिंसक वन्य प्राणियों के डर से लोग अपने घरों में दुबक जाते हैं। ग्राम पंचायत पलोही के सरपंच एवं ग्रामीणों के द्वारा कई बार सिमरिया वाईसी और पवई वाईसी सहित संबंधित अधिकारियों को आवेदन सौंप कर ट्रांसफार्मर बदलने और दो फेस के बजाय तीन फेस बिजली देने की मांग की गई लेकिन जिम्मेदार लगातार नजरअंदाज करते रहे। 28 जुलाई 2025 की रात लगभग 8 बजे गौरा बाई लोधी पति कल्लू लोधी उम्र लगभग 50 वर्ष को विषैले सांप के डसने से गांव के लोगों के सब्र का बांध फूट पड़ा आक्रोशित लोगों ने 29 जुलाई 2025 को जिला मुख्यालय पन्ना पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलने और दो फेस के बजाय तीन फेस बिजली की व्यवस्था करने की मांग की है। शीघ्र मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन के दौरान सरपंच दाद्दू राजा, रूपलाल लोधी, राम प्रताप सिंह, शिवराज सिंह, रज्जन राजा, भूपेंद्र सिंह, रावेन्द्र सिंह, शिवराज सिंह, गुड्डु सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस 29 जुलाई 2025 के अवसर पर पन्ना टाइगर रिजर्व अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन




**पन्ना।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पी.एम.श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के लगभग 100 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। मिनी मैराथन (त्नद वित ज्पहमते) का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ श्रीमती मीना पाण्डेय, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पन्ना, गर्वित गंगवार, वनमण्डलाधिकारी उत्तर पन्ना एवं अनुपम शर्मा, वनमण्डलाधिकारी दक्षिण वनमण्डल पन्ना द्वारा छत्रसाल स्टेडियम से हरी झण्डी दिखाकर किया गया। मिनी मैराथीन शहर के विभिन्न चौराहो बी. टी आई. चोक, ब्लाक तिराहा, डायमण्ड चौक, मोहन राज विलास चौराहा, पॉवर हाउस चौराहा, गांधीचौक, अम्बेडकर चौक (कोतवाली चीराग) होते हुये वापस छत्रसाल महाविद्यालय में समाप्त हुई. जिसमें सभी आयुवर्ग के 200 से अधिक महिला, पुरुषों ने भाग लिया। उक्त सभी कार्यक्रमों का समापन एवं पुरुस्कार वितरण प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रशाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में श्री मोहित सूद उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व सहित वनमण्डलाधिकारी उत्तर पन्ना दक्षिण पन्ना प्राचार्य पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना, सहायक संचालक पन्ना/महला, पार्क परिक्षे अधिकारीगण, क्षेत्रीय एवं कार्यालयीन स्टाफ के साथ पन्ना के साथ पन्ना के गणमान्य नागरिक, विद्यालयीन छात्र/छात्राएं तथा पत्रकार बन्धु मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थानों पर आने वाले विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं ट्राफी दी गई तथा मिनी मेराधीन के विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरुस्कार से भी सम्मानित किया गया। मब संवालन श्री प्रमोद कुमार अवस्थी, से.नि प्राचार्य बाला कुशलता पूर्वक किया गया।

## तेज रफ्तार मोटर बाइक से महिला गिरी, हालत गंभीर पन्ना रेफर

**पन्ना।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के अमानगंज-छतरपुर सड़क मार्ग पर आज दोपहर एक तेज रफ्तार मोटरबाइक असंतुलित होकर गिर गई। जिसमें बैठी एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि पीड़िता श्रीमती भगुनी पति मनतकिया चौधरी उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम झिराटा थाना सुनवानी जिला पन्ना साप्ताहिक बाजार करने अपने गांव से अमानगंज की ओर आ रही थी और जैसे ही उसकी बाइक अमानगंज शहर प्रवेश करने पहुंची वैसे ही एक जानवर अचानक बाइक के सामने आ जाने से बाइक असंतुलित हो गई और वृद्ध महिला पीछे के पीछे लुढ़क गई। इस घटना में महिला के सर और चेहरे पर गंभीर चोटे आईं हैं, जिसे प्राथमिक उपचार के लिए अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाखिल कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय पन्ना के लिए रेफर कर दिया गया।

## जब करेंगे नशे से सुरक्षा तब होगी वनों की रक्षाः ब्रह्माकुमारी

**नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी विद्यालय पन्ना द्वारा दक्षिण वन मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया**



**पन्ना।** ब्रह्माकुमारी बहन जी ने सभी को चित्रों के माध्यम से नशे से होने वाले नुकसानों से अवगत कराया आपने कहा कि अगर व्यक्ति नशा करता है तो सिर्फ आर्थिक ही नहीं बल्कि शारीरिक, पारिवारिक एवं सामाजिक क्षति होती है इसलिए यदि हमें अपने परिवार का समाज का उत्थान करना है तो नशे से हमेशा दूर रहना होगा, आपने कहा कि व्यसन एक ऐसा मार्ग है जो धीमे जहर की तरह हमारे शरीर को खोखला करता है सोचिए अपने एक कार सिर्फ 5 से 10 लाख रूपये में खरीदी,जो पेट्रोल से चलती है आप उसकी कितनी साफ सफाई रखते हैं उसमें पेट्रोल की जगह डीजल नहीं डालते क्यों, क्योंकि कहीं इंजन खराब ना हो जाए तो जरा सोचिए शरीर रूपी गाड़ी में आप क्या-क्या डालते हैं शराब,तंबाकू,बीड़ी,सिगरेट,गुटका कुछ भी उस गाड़ी को पेट्रोल पंप पर खड़ा करके उसमें पेट्रोल डालते हैं और इस गाड़ी में, जरा सोचिए और अपने जीवन से प्यार कीजिए जो धन आप व्यसन नशे में खर्च कर रहे हैं वही आप अपने परिवार के लिए अपने बच्चों के लिए समाज कल्याण के हित में लगाइए, सभी को रोज कुछ पल ध्यान करने के लिए प्रेरित किया जब हम सभी ध्यान करते हैं तो हमारी आंतरिक शक्तियां जागृत होती हैं और हम बुरी चीज गलत चीजों को छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं, सभी ने नशा छोड़ने की प्रतिज्ञा की पन्ना डीएफओ श्री अनुपम शर्मा जी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि दीदी ने जो हम सबको समझाया उसका हमें अनुकरण करके अपने जीवन का परिवर्तन करना है कार्यक्रम में सभी अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

## राधा कृष्ण की भक्ति को समर्पित है धार्मिक स्थल वृंदावन में पन्ना जिले के सैकड़ों बच्चे



**जिले दो सैकड़ा अधिक बालक वृंदावन के संस्कृत गुरुकुलों में प्राचीन संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।**

**पन्ना।** पन्ना के बच्चे वेदों, शास्त्रों और अन्य प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन कर रहे हैं, जिससे भारतीय संस्कृति और ज्ञान की जड़ों को मजबूत किया जा सके।वृंदावन के संस्कृत विद्यालय आज भी गुरुकुल की परंपरा का पालन करते हैं, जहाँ छात्र अध्ययन के साथ-साथ संध्या, यज्ञ, व्यायाम, प्राणायाम आदि भी सीखते हैं, जो एक समग्र शिक्षा प्रदान करता है। सांस्कृतिक विरासत का संस्कृत विद्यालय न केवल भाषा का अध्ययन कराते हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति की गहरी सराहना भी पैदा करते हैं, जिससे युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है वृंदावन गुरुकुलों में व्याकरण रुद्री वेद, उपनिषद पुराण संगीत आदि जैसे प्राचीन भारतीय धर्मग्रंथों का अध्ययन कराया जाता है जो भारतीय ज्ञान का विशाल भंडार हैं काशी पीठाधीश्वर स्वामी डॉ रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज के वेदांती गुरुकुल वृंदावन में पन्ना जिले के 60 बच्चे अध्ययन कर रहें हैं जिले के शाहनगर सलेहा देवेन्द्रनगर गुनौर अमानगंज पवई रैपुरा मोहन्द्रा क्षेत्र के सबसे ज्यादा बच्चे हैं स्वामी रामकमलाचार्य वेदांती जी द्वारा संचालित वृंदावन के गुरुकुल के अलावा काशी बनारस गंजबासौदा पंजाब में चल रहे संस्कृत विद्यालय में पन्ना के बच्चे अध्ययन कर रहें। वृंदावन के गुरुकुल स्वामी डॉ रामकमलाचार्य भक्ति वेदांत मंदिर गौरी गोपाल अनुरूद्दा चार्य आश्रम बद्रीक का आश्रम मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज दांडी आश्रम अखंड दया धाम आश्रम तुलसी तपोवन कौशिक जी महाराज जैसे अन्य वृंदावन के प्रसिद्ध विद्वान एवं कथावाचकों गुरुकुल में पन्ना जिले के दो सैकड़ा से अधिक बच्चे प्राचीन संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से वृंदावन के गुरुकुल में संस्कृत ग्रंथों का अध्ययन कर रहे हैं जो एक पन्ना के लिए गौरव की बात है।

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में हुनर इनिशिएटिव से महिलाओं के लिए कौशल विकास एवं आर्थिक सशक्तिकरण शुरू

**पन्ना।** महिलाओं को उनके कौशल विकास के माध्यम से आर्थिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में आयुक्त तकनीकी शिक्षा भोपाल के भ्न्छ।त प्दपजपंजपअम नामक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस पहल के तहत, महिलाओं को प्रशिक्षण, संसाधन और अवसर प्रदान किये जायेंगे जिससे वे अपने परिवार और समुदाय में आत्मनिर्भरता एवं समृद्धि ला सकें और रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमति वर्षा प्रजापति, व्याख्याता कम्प्यूटर साइंस, सहयाक नोडल अधिकारी हरगोविंद कुर्मी एवं सहायक के रूप में अंशुमान रेले, श्रीमती शायना परबीन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। हुनर इनिशिएटिव के अंतर्गत महिला विद्यार्थियों को बिज़नेस की प्लानिंग, स्टार्ट-अप हेतु फाइनेंसियल एवं बजट के बेसिक्स, मार्केटिंग कैसी करनी चाहिय, ब्रांडिंग कैसी हो, कम्युनिकेशन स्किल्स, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, जनरल एप्टीट्यूड एवं रीजनिंग, कंप्यूटर टाइपिंग (इंग्लिश/हिंदी), डिजिटल स्किल्स एवं बेसिक वेबसाइट डिजाइनिंग, आदि से संबन्धित विभिन्न शासकीय योजना जो महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली है की जानकारी भी दी जाने वाली है, इसमें पन्ना से बाहर से भी विषय विशेषज्ञ बुलाये जाएँगे जिससे प्रशिक्षण को अधिक प्रभावशाली बनाया जा सकेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार शाम 04:00 बजे से 05:00 बजे तक शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में होगा । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ न केवल अध्ययनरत महिला विद्यार्थियों को मिलेगा बल्कि आम महिलाओं और संस्था के बाहर की दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं की महिला विद्यार्थियों के लिए भी यह एक सुनहरा अवसर है। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क है और सीटें सीमित हैं। इच्छुक प्रतिभागी महाविद्यालय के कार्यालयीन समय 10:30 से शाम 05:00 बजे तक कम्प्यूटर ब्रांच में संपर्क कर रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही कर सकते हैं।

## नाग पंचमी पर्व पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मसान बाबा में नगरवासियों ने अर्पित किया दूध**



**पवई।** पूरे देश,प्रदेश के साथ जिले भर में नाग पंचमी का पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास और श्रद्धा भाव से मनाया गया। लोग सुबह से ही मंदिरों में नाग देवता को जल अर्पित करने,दूध चढ़ाने के लिए पहुंच रहे हैं। पवई नगर में भी सुबह से ही लोग गंगाजल और दूध लेकर टोरिया स्थित शिव मंदिर, शासकीय कन्या विद्यालय में स्थित नाग देवता का मंदिर एवं एसडीओपी कार्यालय के बगल में स्थित मसान बाबा, तलैया स्थित नाग देवता मंदिर में जल अर्पित करने के लिए पहुंचे और श्रद्धा भक्ति से नाग देवता की पूजा की। माना जाता है कि नाग पंचमी के दिन नागों की पूजा करने से कुंडली में मौजूद कालसर्प दोष का प्रभाव समाप्त हो जाता है, साथ ही घर में सुख शांति और समृद्धि आती है। नाग पंचमी का पर्व सावन माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। सनातन धर्म में इस पर्व का विशेष महत्व माना गया है। इस दिन हर घर में नाग देवता की पूजा करने का विधान है।भविष्य पुराण के अनुसार सुमंतु ऋषि ने शतानीक नाम के राजा को नाग पंचमी की कथा के बारे में बताया था। इस दिन नाग लोक में बहुत बड़ा उत्सव होता है। इस दिन नागों को गाय के दूध से स्नान करने का विधान है, कहते हैं कि ऐसा करने से व्यक्ति के कुल को नागराज अभय दान देते हैं। महाभारत में भी जन्मेजय के नाग यज्ञ की कहानी है,जिसके मुताबिक जन्मेजय के नाग यज्ञ के दौरान बड़े-बड़े विकराल नाग कुंड में जलने लगे उस समय आस्तिक नामक ब्राह्मण सर्प यज्ञ को रोककर रक्षा की थी। तभी से यह पर्व मनाया जाता है।





# 300 वर्ष पुराने अखाड़े में नाग पंचमी पर हुआ दंगल

## पहलवानों ने दिखाए दांव-पेच, प्रतियोगियों को पुरस्कृत कर बांटा गया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

**शहर के हनुमान टौरिया मंदिर पर स्थित लगभग 300 वर्ष पुराने अखाड़े में मंगलवार को नाग पंचमी के अवसर पर परंपरागत दंगल का आयोजन हुआ। पिछले 65 वर्षों से चली आ रही इस आयोजन की परंपरा को इस बार भी भव्य रूप से निभाया गया।**

आयोजन की शुरुआत मंदिर के मुख्य पुजारी राजू महाराज ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ की। इसके बाद पहलवानों ने अखाड़े की मिट्टी को कुश्ती के लिए तैयार किया। हनुमान टौरिया समिति के सदस्य गिरजा पाटकर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पुजारी ने सभी पहलवानों का तिलक कर उनका स्वागत किया। कुश्ती की शुरुआत स्वामी पटवा पहलवान, जो कई जिलों में अखाड़े का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने दोनों पहलवानों को अखाड़े में उतारकर की। छोटे और बड़े पहलवानों ने दमदार दांव-पेच दिखाते हुए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी और दर्शकों का मनोरंजन किया। कुश्ती प्रतियोगिता में छोटे पहलवानों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। आयोजन के अंत में सभी दर्शकों को प्रसाद वितरित किया गया, जिससे माहौल और भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर लालजी पाटकर, स्वामी पहलवान, मनीष वर्मा, शरमन कुशवाहा, वीरू पहलवान, बांके पहलवान, सोनू सरावगी, मनोज समारी, गोपाल सोनी, पप्पू माली, संतोष नामदेव, लल्लन घोस, अर्जुन पाटकर सहित कई प्रतिभागी और दर्शक मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सदस्य ने उठाई दिव्यांग पेंशन बढ़ाने की मांग



छतरपुर।

मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला पंचायत सदस्य ने दिव्यांगजनों की पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। जिला पंचायत सदस्य मनोज अहिरवार ने बताया कि दिव्यांगजनों की पेंशन 600 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करने का वादा सरकार ने चुनाव से पहले अपने वचन पत्र में किया था। उन्होंने मांग की कि इस वादे को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि 15 दिनों के भीतर इस मांग को पूरा किया जाए और इसकी जानकारी उन्हें दी जाए। मनोज अहिरवार ने चेतावनी दी कि यदि मांगें स्वीकार नहीं की गईं, तो मध्यप्रदेश के दिव्यांगजन एकजुट होकर आंदोलन करेंगे और छतरपुर जिले में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

### 7 अज्ञात आरोपियों पर घोषित ईनाम की राशि बढ़ी

**छतरपुर**। डीआईजी ललित शाक्यवार ने थाना बमीठा में पंजीबद्ध अपराध में 5 अज्ञात फरार एवं थाना बक्सवाहा में 2 अज्ञात फरार आरोपियों पर ईनाम की राशि बढ़ाकर 20-20 हजार रुपए घोषित की है। उक्त आरोपी की तलाश, पतारसी एवं गिरफ्तारी पर पूर्व में घोषित ईनाम की राशि को बढ़ाते हुए गिरफ्तारी कराने एवं सूचना देने वाले को 20 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार वितरण में अंतिम निर्णय पुलिस उप महानिरीक्षक का मान्य होगा।

## किरकिरी होने के बाद प्रशासन ने दिखाई सख्ती

# दालौन गांव में रेत उत्खनन पर देर रात तक चली कार्रवाई



छतरपुर।

सोमवार को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम दालौन में कार्रवाई करने पहुंची खनिज विभाग और पुलिस टीम का ग्रामीणों द्वारा घेराव किए जाने के बाद जप्त वाहनों को छोड़ दिया गया था, जिससे प्रशासन की जमकर किरकिरी हुई। इसके बाद कलेक्टर ने मामले को संज्ञान में लेकर न केवल खनिज विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई बल्कि कई थानों के पुलिस बल के साथ अधिकारियों को वापिस दालौन गांव भेजकर सख्त कार्रवाई कराई। दोबारा दालौन गांव पहुंची टीम ने देर रात तक कार्रवाई करते हुए गांव से कई वाहनों को जप्त किया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम दालौन के समीप रेत का अवैध उत्खनन किए जाने की शिकायत खनिज विभाग को मिली थी, जिस पर कार्रवाई करने के लिए खनिज निरीक्षक अशोक द्विवेदी विभागीय टीम और सिविल लाइन थाने का पुलिस बल लेकर दालौन गांव पहुंचे। माइनिंग इंस्पेक्टर प्रभा शर्मा के मुताबिक मौके पर टीम को करीब एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली मिले, जिन्हें जप्त किया गया था। जब इन वाहनों को थाने ले जाने की तैयारी की जा रही थी तभी रेत माफियाओं और उनके गुर्गों ने पूरी टीम को दालौन गांव में घेर लिया। जब टीम ने स्थिति बिगड़ते देखी तो सभी जप्त वाहनों को उनके द्वारा गांव में ही वाहन मालिकों के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद यह मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया था। वहीं पूरे मामले की जानकारी कलेक्टर पार्थ जैसवाल को मिली तो सर्वप्रथम उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और इसके बाद एएमओ ज्ञानेश्वरी तिवारी के नेतृत्व में कई थानों के पुलिस बल की संयुक्त टीम बनाकर दालौन गांव के लिए रवाना किया। टीम में शामिल छतरपुर एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि नदी से अवैध रेत उत्खनन करते हुए दो ट्रॉली और दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया गया है। देर रात जेसीबी की मदद से रेत भरे वाहनों को नदी से बाहर निकाला गया। गांव के सरपंच प्रेमचंद्र अहिरवार पर अवैध उत्खनन में संलिप्त होने के आरोप सामने आए हैं, मामले की विवेचना अभी जारी है।

# निधौली गांव के ग्रामीणों ने की सेल्समैन को हटाने की मांग

## खाद्यान्न पर्ची से नियम विरुद्ध नाम हटाने और धांधली का आरोप



छतरपुर।

गौरिहार जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले निधौली और उर्दीपुर गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपकर गांव के सेल्समैन को हटाने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने तख्तियां और बैनर लेकर नारेबाजी की और सेल्समैन पर खाद्यान्न वितरण में धांधली तथा अनियमितताओं के आरोप लगाए। निधौली पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि तरुण कुमार रावत ने बताया कि सेल्समैन राजेंद्र रिछारिया ने प्यारेलाल साहू की दुकान पर जाकर जीवित लोगों को मृत घोषित करते हुए खाद्यान्न पर्ची से करीब 157 लोगों के नाम हटा दिए और 20 से 25 खाद्यान्न पर्चियां पूरी तरह समाप्त कर दीं। तरुण के मुताबिक प्यारेलाल साहू ने मौखिक और स्टांप पेपर पर यह जानकारी दी है कि राजेंद्र रिछारिया ने ही नाम हटवाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि केवाइसी होने के बावजूद उनके नाम खाद्यान्न पर्ची से हटाए गए। एक अन्य ग्रामीण रामप्रताप प्रजापति ने बताया कि सेल्समैन नमक के लिए 5 रुपये वसूलता है, जबकि शासन के नियम के अनुसार नमक 1 रुपये में मिलना चाहिए। दुकान भी महीने में केवल एक दिन खुलती है। ग्रामीणों ने पिछले दो महीनों से उपखंड मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, खाद्य आपूर्ति निरीक्षक, और समिति अध्यक्ष हरदेनिया के पास शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। आरोप है कि राजेंद्र रिछारिया ने खाद्य आपूर्ति निरीक्षक और अन्य अधिकारियों को रिश्वत दी है, जिस कारण उनकी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हुई।





# पुलिस अधीक्षक ने किया बस स्टैंड पुलिस चौकी का उद्घाटन

## हेलमेट बैंक सेवा शुरू, नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ और हस्ताक्षर

छतरपुर।

शहर के बस स्टैंड पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने नई पुलिस चौकी का शुभारंभ किया। इस चौकी में हेलमेट बैंक सेवा भी शुरू की गई, साथ ही नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि पहले बस स्टैंड पर यातायात थाना संचालित था, जिसे बिजावर नाका के नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया। पुराने रिक्त भवन का नवीनीकरण कर कोतवाली थाना पुलिस ने इसे पुलिस चौकी के रूप में तैयार किया। यह चौकी बस स्टैंड क्षेत्र में अपराधों पर निगरानी, यातायात नियंत्रण और यात्रियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सक्रिय केंद्र के रूप में काम करेगी। चौकी में छत्रसाल चौराहे की तर्ज पर हेलमेट बैंक सेवा भी शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि जो दोपहिया वाहन चालक हेलमेट भूल जाते हैं, वे वाहन पंजीकरण और आधार कार्ड नंबर दर्ज कर निःशुल्क हेलमेट ले सकेंगे और 24 घंटे में इसे जमा कर देंगे। इसके अलावा एसपी श्री जैन ने नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया और हस्ताक्षर अभियान के बैनर पर हस्ताक्षर किए। पुलिस अधीक्षक ने चौकी का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे और अन्य व्यवस्थाओं के निर्देश भी दिए हैं। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिता, नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी, कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी, यातायात थाना प्रभारी बृहस्पति साकेत, गणमान्य नागरिक, पत्रकार और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में छात्रों ने फिर किया प्रदर्शन



## परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी और कुलसचिव पर रिश्वत के आरोप

छतरपुर।

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर में छात्रों का विरोध प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को एक बार फिर छात्रों ने परीक्षा परिणाम में गंभीर अनियमितताओं और कुलसचिव पर रिश्वत के आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने कुलपति के माध्यम से मध्यप्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

छात्र नेता भरत अहिरवार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में घोषित फाउंडेशन कोर्स के परिणाम में सैकड़ों छात्रों को 0 और 1 अंक दिए गए, जबकि उन्होंने नियमित रूप से परीक्षा दी और उत्तर पुस्तिकाओं में सही जवाब लिखे थे। यह प्रशासन की दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई का परिणाम है, जिससे छात्रों का भविष्य खतरे में है और उनमें मानसिक तनाव व निराशा बढ़ रही है। छात्रों ने कुल सचिव यशवंत पटेल को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। इतना ही नहीं छात्रों ने कुलसचिव पर आरोप लगाया है कि कुलसचिव ने विश्वविद्यालय में नियुक्तियों के दौरान अपने पसंदीदा अभ्यर्थियों से 25 लाख रुपये तक की रिश्वत ली है। छात्रों ने मांग की है कि फाउंडेशन कोर्स के परिणामों की पुनर्जांच की जाए, उत्तर पुस्तिकाओं की प्रतियां मुफ्त दी जाएं, और रिश्वत के आरोप सिद्ध होने पर कानूनी कार्रवाई कर दोषियों को पद से हटाया जाए।

### शासकीय महाविद्यालय में हो रही आउटसोर्स भर्ती पर लगी रोक

छतरपुर। शासकीय महाविद्यालय बिजावर में आउटसोर्स के जरिए की जा रही प्रयोगशाला टेक्नीशियन और प्रयोगशाला परिचायक के 10 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पैसे के लेनदेन की शिकायतों के बाद आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। सेडमैप एजेंसी के माध्यम से होने वाली यह भर्ती प्रक्रिया शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय, छतरपुर में साक्षात्कार के जरिए होनी थी। शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय छतरपुर के प्राचार्य प्रो. एचडी अहिरवार ने बताया कि बिजावर शासकीय महाविद्यालय में पांच प्रयोगशाला टेक्नीशियन और पांच प्रयोगशाला परिचायक के रिक्त पदों के लिए सेडमैप एजेंसी के जरिए भर्ती होनी थी। इसके लिए शासन के निर्देशानुसार शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय, बिजावर शासकीय महाविद्यालय और शेडमैप एजेंसी के अधिकारियों की तीन सदस्यीय टीम गठित की गई थी। साक्षात्कार बुधवार को होने थे, लेकिन पैसे के लेनदेन की शिकायतों के बाद भर्ती प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।


**कार्यालय, नगर परिषद खजुराहो, जिला - छतरपुर (म.प्र.)**

No./NPK/Uadd/ e-tendering/1393 Dated: 29.07.2025

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना ( प्रथम )**

म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वर्तमान प्रभावशील आई एस. एस. आर 02/08/2021 के एस.आ.आर से निविदाये प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शित तालिका अनुसार निम्न निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा में किसी तरह का संसोधन होने पर बेबसाईट में सुधार करवा दिया जायेगा समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं करवाया जायेगा।

| सं. क्र. | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन की राशि रु में) | फार्म का शुल्क एवं धरोहर राशि (रु में) | समय अवधि | निविदा फार्म की प्रारंभ एवं अंतिम तिथि | पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड के 04 चौबे कालोनी से खरोही तक बी0टी0 सड़क के मोडो पर एवं सकेरा नाला (स्टाप डेम कम काज वे पर) रैलिंग लगाने का टेण्डर 2025_UAD_440559_1 | 515982.00 | 2000/- 5160/- | 06 माह (वषार्काल सहित) | 30.07.2025 19.08.2025 | Centralised PWD registration |
| 02 | वार्ड के 07 में देवी अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति कय कार्य । टेण्डर 2025_UAD_440559_1 | 1150500.00 | 2000/- 8620/- | 03 माह (वषार्काल सहित) | 30.07.2025 02.09.2025 | Centralised PWD registration |

निविदा फार्म बेबसाईट (http://mptenders.gov.in) पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त हो सकेगें।
विस्तृत निविदा सूचनार्थ अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद खजुराहो
जिला छतरपुर (म.प्र.)


## खबर संक्षेप



### काम करते-करते हो गई महिला की मौत

छतरपुर। गुलगंज थाना क्षेत्र के मझगुवां खुर्द गांव में मंगलवार को एक अधेड़ महिला की घरेलू काम करते-करते अचानक मौत हो गई। बताया गया है कि महिला सुबह करीब 9 बजे अपने घर के पीछे गोबर फेंकने गई थीं, तभी अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। इसके बाद जब उसे अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मझगुवाखुर्द निवासी श्यामाबाई पत्नी बलदेव अहिरवार सुबह करीब 9 बजे घर के पीछे गोबर फेंकने गई थीं। अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजन उन्हें तुरंत गुलगंज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल भेजा। जिला अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने श्यामाबाई को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि उन्हें मौत का सटीक कारण नहीं पता, लेकिन संदेह है कि किसी अज्ञात कीड़े के काटने से यह हादसा हुआ। जिला अस्पताल में उनका पोस्टमार्टम कराया गया है।

### डेढ़ साल पहले हुई चोरी का अब तक नहीं हुआ खुलासा



छतरपुर। एक व्यक्ति ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन देकर सिटी कोतवाली पुलिस पर चोरी के मामले में कार्रवाई न करने और प्रकरण में खात्मा लगाने का प्रयास करने के आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने चोरी गए सामान की बरामदगी और चोरों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई कराए जाने की मांग की है। रमजानी पुत्र मोहम्मद खान निवासी ताज कॉलोनी छतरपुर ने बताया कि 14 फरवरी 2024 को वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गढ़ीमलहरा शादी समारोह में गया था। घर के सभी कमरों और मुख्य द्वार पर ताला लगा था। रात करीब साढ़े 10 बजे जब वह वापस लौटे, तो देखा कि कमरों के ताले टूटे थे और अलमारी का ताला तोड़कर सामान बिखरा पड़ा था। रमजानी के मुताबिक उसके घर से 86 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण चोरी हुए थे। घटना की शिकायत सिटी कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई थी लेकिन मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने विवेचना में रुचि नहीं दिखाई। चोर अभी तक नहीं पकड़े गए हैं और कोतवाली पुलिस पुलिस मामले में न्यायालय के माध्यम से खात्मा लगाने की कोशिश कर रही है। रमजानी ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि सिटी कोतवाली पुलिस को मामले में त्वरित कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं।

### नागपंचमी पर चौरसिया समाज ने मेधावी युवाओं का बढ़ाया हौसला



छतरपुर। चौरसिया समाज ने मंगलवार को नागपंचमी के त्यौहार पर शहर के एक निजी मैरिज हॉल में कार्यक्रम का आयोजन कर मेधावी युवाओं का हौसला बढ़ाया। चौरसिया दिवस के रूप में आयोजित किए गए इस उत्साहपूर्वक कार्यक्रम के दौरान करीब ढाई सैकड़ा छात्र-छात्राओं को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। चौरसिया समाज के जिला अध्यक्ष बृजेश चौरसिया काजू ने बताया कि कार्यक्रम के तहत दसवीं, बारहवीं, नीट और इंजीनियरिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मध्यप्रदेश की टॉप 10 सूची में लवकुशनगर के तीन छात्र-छात्राओं ने स्थान बनाया, जिन्हें मंच पर नगद पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मार्गदर्शक महिला समिति, युवा, वरिष्ठ और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि छतरपुर एसडीएम अखिल राठौर रहे, जबकि अध्यक्षता मानिक चौरसिया ने की। वहीं विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक नीरज दीक्षित, रिटायर्ड डीएसपी मुन्नालाल चौरसिया (भोपाल), डॉ. डीडी चौरसिया (छतरपुर), कार्यकारी अभियंता विनोद कुमार चौरसिया (सिंगरौली) और नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया शामिल रहीं।

### देवांश भारद्वाज उपाध्याय बने महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य



छतरपुर। महर्षि विद्या मंदिर देरी रोड में नए प्राचार्य के रूप में देवांश भारद्वाज उपाध्याय ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। गौरतलब है कि छतरपुर में पिछले 35 वर्षों से यह विद्यालय अपनी शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है, अब नए नेतृत्व में और प्रगति की ओर अग्रसर है।

## खबर संक्षेप

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न

रीवा। उच्च शिक्षा विभाग एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयास से उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में मॉडल साइंस कॉलेज रीवा में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्क्रीनिंग विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ रविन्द्रनाथ तिवारी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने बताया कि उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम की गतिविधियों से छात्रों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। वे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य होंगे और बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे। इन गतिविधियों को सभी महाविद्यालयों में संचालित किया जायेगा। जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबन्धक सह जिला समन्वयक आरएसके विष्णु प्रताप सिंह ने उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के उद्देश्य एवं गतिविधियों के बारे जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ के बी गौतम ने बताया कि बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रखना बहुत जरूरी है। बच्चों में किसी भी तरह की मानसिक समस्या होने पर तत्काल जिला अस्पताल के मानसिक रोग विभाग कक्ष में निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मानसिक और भावनात्मक समस्या महसूस होने पर टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 14416 अथवा 1800 891 4416 पर किसी भी समय कॉल कर निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग से विषय विशेषज्ञ डॉ रोबिन गोयल मानसिक रोग विशेषज्ञ जिला अस्पताल रीवा के माध्यम से विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि चिंता, डिप्रेसन, तनाव, आत्महत्या संबंधी आचरण, नींद नही आना, जी घबराना, खुशी की लगातार अनुभूति, कंपकंपी, क्रोध, भय, उदासी आदि लक्षण होने पर तत्काल मनोरोग विशेषज्ञ से सलाह लें। कार्यक्रम में डॉ सुनील अवस्थी नोडल अधिकारी एनसीडी ने असंचारी रोग के लक्षणों को पहचानने एवं सजग जागरूक रहने के लिए तौर तरीके बताए। उन्होंने कहा कि यदि हम अपनी दैनिक गतिविधि एवं आदत व्यवहार को सुव्यवस्थित कर लें तो सजग रहकर समय से पहचान और समय से इलाज लेकर पूरी तरह से बेहतर स्वास्थ्य रखा जा सकता है। नियमित मूल्यांकन, एक्सरसाइज, योगाभ्यास, मेडिकेशन, खानपान एवं रहन सहन में सुधार कर असंचारी रोग जैसे डायबिटीज, कैंसर, हार्ट स्ट्रोक, फैटी लिवर आदि बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में अलका सिंह उमंग काउंसलर ने माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माहवारी के दौरान सेनेटरी पैड का इस्तेमाल, साफ सफाई का ध्यान रखना चाहिए।

### करोड़ों का खेल, ठेकेदारों को लाभ देने के लिए 231% तक बढ़ाई टेंडर राशि

# पीडब्लूडी विभाग में अफसर-ठेकेदार-राजनीतिक गठजोड़ का खुलासा, ईओडब्ल्यू में हुई शिकायत

### पीडब्ल्यूडी के पूर्व कार्यपालन यंत्री और अन्य अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप

**रीवा। लोक निर्माण विभाग (विद्युत यात्रिकी) से अनियमितता का एक मामला उजागर हुआ है जिसकी शिकायत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में हुई है, जिनमें अफसर-ठेकेदार गठजोड़ के साथ-साथ राजनीतिक दबाव की बू भी साफ आ रही है।**

शिकायतकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता बी.के. माला ने गंभीर आरोप लगाए हैं कि कार्यपालन यंत्री विनय श्रीवास्तव सहित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने चहेते ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए टेंडर प्रक्रिया, दर निर्धारण, भुगतान प्रक्रिया सभी को औपचारिकता बनाकर रख दिया। कुछ मामलों में टेंडर राशि को नियमों के खिलाफ 231 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया। इतना ही नहीं, बिना तकनीकी स्वीकृति, बिना गुणवत्ता परीक्षण और बिना अद्यतन बैंक गारंटी के कार्यों का



भुगतान भी कर दिया गया। यह भी आरोप है कि कई ऐसे ठेकेदार हैं जिन्हें बार-बार टेंडर देकर करोड़ों का लाभ पहुंचाया गया है, जिसके दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध होने का दावा किया गया है। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दस्तावेजों में यह भी कुछ जगह उल्लेख किया गया है विधायक राजेंद्र शुक्ला के निर्देश पर ऐसा किया गया है। इस पर सवाल उठाया गया है कि जनप्रतिनिधि ने यदि कहीं कार्य की आवश्यकता के अनुसार राशि बढ़ाने की बात कही है तो उसका गलत तरीके से फायदा उठाते हुए 80 गुना तक बढ़ा दिया गया है। वही प्राप्त शिकायत के अनुसार नेशनल ट्रेडर्स नामक फर्म को दिए गए करहिया मार्ग के एक कार्य की मूल टेंडर राशि ₹23 लाख थी, जिसे पुनरीक्षित करते हुए 231.99 प्रतिशत तक बढ़ाया गया, लेकिन बैंक गारंटी में कोई समायोजन नहीं किया गया। इसी फर्म को एक अन्य कार्य समान तिराहा से रेलवे मोड़ तक के लिए ₹307 करोड़ का टेंडर दिया गया, जिसे कई बार संशोधित कर ₹497 करोड़ तक पहुंचा दिया गया। यहां गंभीर बात यह है कि निर्माण कार्य 10% से अधिक पुनरीक्षण की स्थिति में पुनः तकनीकी अनुमोदन व गारंटी की आवश्यकता होती है, जो स्पष्टतः नहीं की गई। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ रीवा के अलावा शासन स्तर पर भी शिकायत प्रेषित की जाकर उच्चस्तरीय जांच एवं भ्रष्टाचार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराए जाने की मांग की गई है। शिकायती आवेदन में लेख है कि सचिव म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा प्रमुख अभियंता को जारी किए गए पत्र क्रमांक 1993 दिनांक 29 जुलाई 2019 के अनुसार प्रशासकीय स्वीकृति में प्रावधानित राशि से किसी भी स्थिति में अधिक व्यय पर प्रतिबंध है। किन्तु ईएण्डएम रीवा डिवीजन आफिस में सभी निर्देशों-आदेशों को ताक में रख कर कार्य कराया गया।

#### नक्शा और गुणवत्ता रिपोर्ट भी नहीं उपलब्ध

शिकायतकर्ता ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी तो विभाग ने जवाब में कहा कि उनके पास न तो कार्य के नक्शे हैं, न ही गुणवत्ता परीक्षण के प्रमाण। यह उत्तर स्वयं इस पूरे तंत्र पर सवालिया निशान लगा रहा है,कि आखिर बगैर नक्शे और परीक्षण रिपोर्ट के कार्य स्वीकृत और भुगतानित कैसे किए जा सकते हैं?

#### ऐसे हुआ फर्जीवाडा

समान तिराहा फ्लाईओवर से ज्योति स्कूल मोड़ तक ₹1.07 करोड़ की योजना को बढ़ाकर ₹1.56 करोड़ कर दिया गया। वही शांति विहार से जेपी मोड़ पहरा तक हुए कार्य में विधायक निधि से ₹16 लाख के भुगतान को लेकर भी घोटाले के आरोप।गुप्ता पेट्रोल पंप से करहिया मंडी तक 23 लाख का टेंडर था. जिसे पुनरीक्षित कर अलग-अलग किस्तों में 231.99 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई। जबकि यह टेंडर 41 हुआ प्रतिशत बिलो रेट पर स्वीकृत था। पुनरीक्षण के बाद बैंक गारंटी अतिरिक्त नहीं बढ़ाई गई। साथ ही रामपुर, मनिकवार,सीतापुर, सहित कई क्षेत्रों में लाइन शिफ्टिंग कार्यों में भारी अनियमितताएं।

#### बैंक गारंटी में भी खेल

शिकायत में कहा गया है कि पहले कम कार्यदायरे में टेंडर निकालकर, कम बैंक गारंटी ली गई। बाद में कार्य की लागत बढ़ा दी गई, लेकिन बैंक गारंटी नई लागत के अनुपात में संशोधित नहीं की गई। इस प्रक्रिया से शासन को करोड़ों की आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा।

# पेंशन प्रकरण लंबित रहने पर आहरण संवितरण अधिकारियों का वेतन रोका जाएगा

### कमिश्नर ने संभागीय टीएल बैठक में एक पेड़ माँ के नाम तथा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की

**रीवा। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन, एक पेड़ माँ के नाम, ई आफिस, लंबित विधानसभा के प्रश्नों, संभागीय समीक्षा बैठक के लंबित एटीआर बिन्दुओं की विस्तार से समीक्षा की। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में जामोद ने निर्देश दिए कि पेंशन प्रकरण लंबित रहने वाले संबंधित विभागीय आहरण संवितरण अधिकारियों का वेतन रोका जाए तथा दो-दो वेतनवृद्धि रोकने का भी नोटिस जारी किया जाए।**

उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों के बड़ी संख्या में पेंशन प्रकरण लंबित हैं। संबंधित अधिकारियों का दायित्व है कि संवेदनशीलता के साथ पेंशन प्रकरणों का सेवानिवृत्त होने के साथ ही निराकरण करा दिया जाए। जिन विभागों के पेंशन प्रकरण प्रस्तुत नहीं किए गए या लंबित हैं उनके संभागीय अधिकारियों का वेतन तभी आहरित होगा जब पेंशन प्रकरण पूर्णतः निराकृत हो जाएंगे। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि विभागीय अधिकारी माइक्रो प्लानिंग कर एक-एक आवेदन पत्र पर ठोस निराकरण करें। प्राप्त शिकायतों को मैदानी अमले से सेक्टरवार समाधानपूर्वक निराकरण कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के पूर्व के लंबित प्रकरणों का अभियान चलाकर निराकरण करें। उन्होंने ई आफिस में फाइलों के प्रचलन में वृद्धि के निर्देश दिए तथा कहा कि प्रति सप्ताह हर विभाग कम से कम 25 फाइलें ई माध्यम से प्रेषित की जाय। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को योजनाओं में नवाचार करने तथा उनका लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि मानीटरिंग सिस्टम को सशक्त कर हितग्राहियों को नवीन तकनीक का लाभ दिलाएं। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा किए गए वृक्षारोपण की जानाकारी ली तथा इसे सूचीबद्ध कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि सप्ताह में एक दिन मंगलवार को सभी अधिकारी कार्यालय साइकिल से या पैदल आएं जिससे वाहनों में ईंधन के व्यय को कम किया जा सकेगा। इससे प्रदूषण कम होगा और स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि संभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ जिला अधिकारियों को भी तत्संबंध में निर्देशित करें तथा संबंधितों से इसका पालन सुनिश्चित कराएं। बैठक में उन्होंने अपर मुख्य सचिव द्वारा संभागीय समीक्षा बैठक के एटीआर के बिन्दुओं का निराकरण करने तथा विधानसभा के लंबित प्रश्नों के जवाब समय पर प्रेषित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले सहित संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आज तक आमंत्रित

रीवा। मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आगामी 30 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ने बताया कि आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो।

# नगर निगम आयुक्त ने ली बैठक लापरवाह अफसरों को लगाई फटकार



### लंबित शिकायतों, अवैध निर्माण, जलभराव और अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

रीवा। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने टी.एल. बैठक अधिकारियों की जमकर फटकार लगाई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सोशल मीडिया और टी.एल. पत्रों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की गई। आयुक्त ने कहा कि लंबित मामलों को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह में संतुष्टि पूर्वक समाधान किया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारी जवाबदेह होंगे। आयुक्त ने भवन अनुज्ञा से संबंधित शिकायतों पर विशेष नाराजगी जताई। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि फाइलिंग में गड़बड़ी करने वाले कंसल्टेंट्स को पैनल से तत्काल हटाया जाए। साथ ही सभी लंबित शिकायतों का तीन दिवस में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। बारिश के पश्चात कई क्षेत्रों में सीवर रेस्टोरेशन के बाद सड़कें धंस गई हैं, जिस पर आयुक्त ने रिपेयरिंग कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। जलभराव वाले स्थलों को चिन्हित कर वहां स्थायी समाधान हेतु योजना प्रस्तुत करने को कहा गया ।वही पॉलिथीन प्रतिबंध की स्थिति पर असंतोष जताते हुए आयुक्त ने थोक विक्रेताओं पर छापामार कार्रवाई कर जब्ती के निर्देश दिए। साथ ही सप्लायर्स पर भी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री एच.के. त्रिपाठी, राजेश सिंह, सहायक आयुक्त शीतल भलावी, रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, एसके गर्ग, पीएन शुक्ला, राजेश मिश्रा, अम्बरीश सिंह, अभिनव चतुर्वेदी, राजेश चतुर्वेदी, रावेन्द्र सिंह, नीलेश चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविन्द चतुर्वेदी, मुरारी कुमार, सिटी मिशन मैनेजर अभिमन्यु सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### अवैध कॉलोनियों व अतिक्रमण पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

नेहरू नगर में अवैध कॉलोनी डेवलपमेंट की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही वार्ड-15 सहित शहर के अन्य नालों पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए चिन्हांकन कर तत्काल मुक्त कराने की बात कही गई। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि भयप्रद भवनों को वर्षाकाल के पूर्व ही गिराया जाए ताकि जनहानि की आशंका न रहे।

#### अवैध व्यवसाय व पार्किंग पर भी कसेंगे शिकंजा

मुख्य मार्गों पर स्थित कमर्शियल भवनों की पार्किंग जांचने का निर्देश दिया गया। उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया। साथ ही ईंट, गिट्टी और बालू का अवैध भंडारण एवं बिक्री करने वाले व्यापारियों पर सख्त कार्यवाही के लिए संबंधित विभाग को पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए।

#### रेवांचल बस स्टैंड और बस स्टॉपेजों की स्थिति सुधारी जाएगी

रेवांचल बस स्टैंड स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स की छत की मरम्मत के साथ-साथ शहर के विभिन्न चौराहों पर बने बस स्टॉपेज की स्थिति सुधारने के लिए संविदाकारों को अंतिम चेतावनी दी गई। तय समय सीमा में कार्य न होने पर टेंडर निरस्त कर ब्लैकलिस्ट करने के आदेश दिए गए।

# सरकारी भवनों पर दबंगों का कब्जा, सहकारी बैंक समेत 5 भवन बने निजी संपत्ति

### गुढ़ तहसील के खजुआ कला गांव का मामला

**रीवा**। शासकीय भवनों पर दबंगो का ना सिर्फ कब्जा है बल्कि दबंग इन शासकीय भवनों का खुलकर दुरुपयोग भी कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा लाखों और करोड़ों की लागत से प्रशासनिक कार्य के लिए तैयार किए गए इन भवनों को बनाकर लावारिस छोड़ दिया गया, ऐसे में यह भवन अब दबंगो की बपौती बनकर रह गए हैं। मामला के गुढ़ जनपद स्थित ग्राम पंचायत खजुआ कला का है, जहां स्थानीय दबंगो ने शासकीय भवन पर ना सिर्फ कब्जा जमा रखा है, बल्कि इसका दुरुपयोग करते हुए इस भवन में अनाज के साथ-साथ लकड़ी, भूसा और उपले रखने की सुरक्षित जगह बना ली है। सबसे पहले आप इन तस्वीरों को देखिए कि किस तरह से सरकारी भावन में कब्जा कर उसका दुरुपयोग किया जा रहा है। तस्वीरों में आप देख सकते है कि किस तरह से शासकीय भवन में दबंगो के द्वारा यहां अनाज के साथ साथ लकड़ीए भूसा और उपले का भंडार बना रखा है। दरअसल यह तस्वीर किसी एक भवन की नहीं बल्कि ग्राम पंचायत के एक ही परिसर में बने पांच अलग-अलग सरकारी भवनों की है। ग्रामीणों की माने तो सरकारी मद से ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 20 में सामुदायिक भवन, ग्राम आरोग्य केंद्र, कृषक सहकारी सेवा समिति बैंक सहित बहुद्देशीय भवन तैयार कराया गया था। प्रशासन ने इन भवनों को भले ही प्रशासनिक कार्य के लिए तैयार कराया लेकिन इन भवनों के बनने के बाद प्रशासन इनका उपयोग करना ही भूल गया। जिसका नतीजा है आज इन भवनों में दबंगों ने ना सिर्फ अपना कब्जा जमा लिया है बल्कि भवनों का निजी कार्य में दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो इन सरकारी भवनों में दबंगों से 3 से 4 सालों से कब्जा जमा रखा है। हद तो यह है कि यहां स्थित शासकीय मैदान को भी दबंगों ने अपना बना रखा है, जहां गांव के बच्चों को खेलने तक नहीं दिया जाता और जो बच्चा खेलने जाता है तो दबंग-मारपीट तक की घटना को अंजाम देते है। हालांकि गांव के सरपंच इससे पूरी तरह अवगत है लेकिन दबंगों के आगे सरपंच भी मौन धारण किए हुए है।

# हनुमना एसडीएम ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण



**मऊगंज**। जिले के हनुमना तहसील में बदहाल शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले शिक्षकों पर कठोर कार्यवाही करने के लिए हनुमना एसडीएम रश्मी चतुर्वेदी विभिन्न विद्यालयो का औचक निरीक्षण किया जिसमे मलैगवां, मिसिरगवां एवं नवागांव के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश विद्यालयों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक पाई गई। एसडीएम के निरीक्षण में विद्यालयों में मात्र 10 प्रतिशत छात्र ही उपस्थित पाए गए, जबकि अधिकांश शिक्षक भी अनुपस्थित मिले। मलैगवां विद्यालय में हेडमास्टर शेषमणि प्रजापति एवं मिसिरगवां में चंद्रधर द्विवेदी की अनुपस्थिति पर तत्काल प्रभाव से नोटिस जारी किया है ।वहीं नवागांव विद्यालय में कपीद्र शर्मा के विरुद्ध नोटिस जारी किया गया कि विद्यालय में 51छात्र मे मात्र 8 छात्र उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, मलैगवां गांव में मध्यान्ह भोजन योजना में घोर लापरवाही देखने को मिली यहां सत्यवती स्व-सहायता समूह द्वारा निर्धारित समय पर भोजन नहीं वितरित किया गया था जिस पर समूह को नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि सभी विद्यालय में आधे से भी कम शिक्षक उपस्थित थे, जिससे शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।एसडीएम रश्मी चतुर्वेदी ने निर्देश दिए कि शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु सख्त अनुशासन लागू किया जाएगा और भविष्य में पुनः निरीक्षण कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण से यह स्पष्ट होता है कि शासकीय विद्यालय में जिम्मेदारी से कार्य न करने वाले कर्मचारियों पर प्रशासन अब सख्त रुख अपना रहा है।एसडीएम ने कहा कि बच्चों की शिक्षा और पोषण योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नईगढ़ी में पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में हरियाली का संकल्प

**मऊगंज**। ध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के नेतृत्व में नवांकुर लीड संस्था त्रिवेणी बहुद्देशीय जन कल्याण संस्था ने 29 जुलाई को हरियाली कार्यक्रम के तहत 2500 पौधे रोपित कराने का लक्ष्य मे से जहां दो हजार से अधिक पौधे वितरित कर क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण हेतु संस्था का एक कदम आगे बढ़ाया है संस्था के प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि हर युग में मानव जीवन की सुरक्षा हरित अभियानों से ही संभव है। इसी भावना को साकार करते हुए स्थानीय नवांकुर सखियों को 11-11 पौधे देकर सम्मानित किया गया और उन 11 पौधे की समस्त जिम्मेदारी प्रत्येक नवांकुर सखी की होगी यह एक हरियाली यात्रा पर्यावरण संतुलन बनाने हेतु एक प्रयास किया जा रहा है जो सार्थक हो सकता है सतत विकास के लिए बहुद्देशीय भवन अष्टभुजा धाम परिसर नईगढ़ी से हरियाली यात्रा प्रारम्भ कर बी एस मेमोरियल स्कूल पथरौडा कला में समापन किया गया यात्रा मे शामिल बच्चों को भी 1-1 पेड़ देकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों को अपने अपने खेत की मेड़ में नीम का पौधा रोपण करने की सलाह दी गई। यह अभियान न केवल पौधरोपण तक सीमित रहा, बल्कि पर्यावरण शुद्धि के लिए एक सामाजिक संकल्प का प्रतीक बना।

पर्यावरण को संतुलित करना है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच मुन्नालाल गेंद कुमारी साकेत ने मंच से जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ केवल जड़ें नहीं गाड़ते, वे हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन की नींव रखते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में कम से कम पाँच वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए। उन्होंने वायु शुद्धि, मिट्टी के संरक्षण और पोषण सुरक्षा में वृक्षों की भूमिका को रेखांकित किया। परामर्शदाता पवन कुमार शर्मा औषधीय पौधों के गुणो के बारे मे विस्तार से





समझाया और अपने स्वागत भाषण में वृक्षों को दस पुत्रों के समान बताते हुए कहा, एक पेड़ जितना फलदायी होता है, उतना ही संकटों में सहायक भी। यह हमें छाया, फल और प्राणवायु देकर मातृत्व का कर्तव्य निभाता है।

#### संरक्षण की शपथः प्रकृति के प्रति मानवीय ऋण

एक महत्वपूर्ण सूत्र दियाः रोपण केवल पहला चरण है। असली परीक्षा तो उन पौधों को पल्लवित करने की है। उन्होंने पेड़ों के प्रति भावनात्मक लगाव की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात, शपथ ग्रहण समारोह में छात्रों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने हर वर्ष एक पेड़ लगाने और उसकी रक्षा करने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिसर में पौधरोपण एवं ग्रामवासियों को पौध वितरण के साथ हुआ।

#### सामुदायिक सहभागिताः ग्रामीण में उत्साह

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव लक्ष्मीनारायण कुशवाहा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अनल त्रिपाठी, नगर विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष आशीष कुमार शुक्ला, परामर्शदाता राजकुमार गौतम, लीड संस्था प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी, रामसागर चतुर्वेदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शीला विश्वकर्मा, राजकुमारी सेन, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज की टीम सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर अभियान को सफल बनाया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल एक सांकेतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामूहिक चेतना का उद्घोष है। यह समाज को याद दिलाता है कि प्रकृति के बिना मानव सभ्यता का अस्तित्व अधूरा है। जैसे माँ की छाया में संरक्षण मिलता है, वैसे ही वृक्षों की छाया में हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा। यदि प्रत्येक गाँव, शहर और शिक्षण संस्थान ऐसे प्रयासों में जुट जाएँ, तो भारत न केवल हरित क्रांति का नेतृत्व करेगा, बल्कि जलवायु योद्धा बनकर विश्व को मार्गदर्शन भी देगा।